हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

10 रंग तरंग समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



11 राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने में जुटे कर्मी





# वर्ल्ड कप जीतने पर कनिष्क के गांव कुलाना में मना जश्न, 9 फरवरी को होगा भव्य स्वागत

## अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में झज्जर के बेटे का ऑलराउंड प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिम्बाब्वे में खेले गए अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में झज्जर के कुलाना गांव के कनिष्क चौहान ने भी अपनी तूफानी बल्लेबाजी व सटीक गेंदबाजी से करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया। इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद कनिष्क के गांव में जोरदार जश्न शुरू हो गया। परिजनों व ग्रामीणों ने पटाखे फोड़े व जमकर नाचे। कनिष्क चौहान के पिता प्रदीप चौहान ने बताया कि नौ फरवरी को गांव में पहुंचने पर कनिष्क का भव्य स्वागत किया जाएगा।

जहां सभी ओर इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की पारी के चर्चे हैं वहीं, कनिष्क ने भी इस जीत में अहम योगदान दिया। अंतिम ओवर तक डटकर कनिष्क ने 20 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। आखिरी ओवर में कनिष्क ने धुआंधार बैटिंग की। इस ओवर में उसने 18 रन बनाए और टीम का स्कोर 400 के पार पहुंचा दिया। इसी के साथ कनिष्क ने दो विकेट भी चटकाए। कनिष्क ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे फॉक्नर का विकेट भी लिया। कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों में 35 रन और एक विकेट भी लिया था। इसके लिए प्लेयर ऑफ

**फाइनल में धुआंधार 37 रन और 2 विकेट लिए**



झज्जर। कनिष्क चौहान के घर पर जीत की खुशी में डांस करते परिजन व ग्रामीण।

### मां सरिता भी बनना चाहती थीं क्रिकेटर



वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन पर कनिष्क चौहान की मां सरिता चौहान भावुक नजर आई। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर नाज है। मां सरिता ने कहा कि मेरा सपना था कि मैं क्रिकेटर बनूं। मैं तो नहीं बन सकी, लेकिन कनिष्क ने यह सपना पूरा कर दिया। कनिष्क जब 4 साल का था, तभी उसे गाजियाबाद में एकेडमी जॉइन कराई। बाद में उसने सिरसा में डेरे में भी ट्रेनिंग की। कनिष्क ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल मैच में डेब्यू किया था। उसने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाई थी।

### अब आईपीएल में आरसीबी से खेलेगा

आईपीएल की मिनी ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर कनिष्क चौहान को लिया है। कनिष्क दाएं हाथ के बल्लेबाज व ऑफ-ब्रेक स्पिन गेंदबाज हैं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ी चालक की मौत

**झज्जर।** शहर के बाईपास पर गुरुग्राम रोड के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में एक गाड़ी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव मदाना खुर्द निवासी करीब 65 वर्षीय राज सिंह पुत्र धीर सिंह के तौर पर हुई है। वीरवार रात करीब ग्यारह बजे हुए इस हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों की सहायता से गाड़ी से शव को निकलवाते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी युद्धवीर ने बताया कि राज सिंह गाड़ी चलाता था। वीरवार को वह हेलीमंडी से सामान भर कर गांव लौट रहा था। उसे शहर में भी कुछ सामान उतारना था। रात करीब ग्यारह बजे उसकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया।

### लुहारी में गाड़ी में मिला युवक का शव

**झज्जर।** गांव लुहारी में एक युवक गाड़ी में मृत मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान उत्तराखंड निवासी रोहित कुमार पुत्र शांतिलाल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि रोहित कुमार अपने साथी गाड़ी चालक के साथ यहां लेबर का काम करने आया था। वह बीमार बताया जा रहा है। वह नहाने के बाद गाड़ी में सो गया था। इस संबंध में परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन शुरू

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एसएमएएम योजना के तहत किसानों को 40 से 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान आगामी 16 फरवरी तक विभाग की वेबसाइट एग्री हरियाणा.जीओवी.आईएन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### दिल्ली से चुराई स्कूटी सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** दिल्ली से चोरी की गई स्कूटी सहित आरोपी को बहादुरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दरअसल, एमआईई चौकी पुलिस को सूचना थी कि उत्तर प्रदेश मूल के सोनू के पास एक चोरी की स्कूटी है। वह इस स्कूटी को बेचने की मंशा से एमआईई में आया हुआ है। इस सूचना पर पुलिस हरकत में आई और एक टीम ने जाकर युवक को काबू किया। आरोपी से स्कूटी बरामद की गई। स्कूटी पर आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी। जांच में सामने आया कि यह स्कूटी मुंडका थाना क्षेत्र से चोरी है। आरोपी सोनू के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

## बहादुरगढ़ के सेक्टर 6 में कई माह से जर्जर सड़कों की परेशानी झेल रहे नागरिक

# टूटी सड़कें बनीं हादसों की राह, नप ने साढ़े 4 करोड़ के टेंडर का किया दावा

- स्थानीय निवासी कई बार शिकायत और प्रदर्शन कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 की कई माह से टूटी पड़ी सड़कें मुख्य सड़कें सरकारी विकास के दावों की पोल खोल रही हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढों से भरी ये सड़कें अब आम लोगों के लिए दुर्घटनाओं का न्योता साबित हो रही हैं। हालात इतने बदतर हैं कि किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार शिकायत व समस्या सामने आने के बाद अब नगर परिषद के अधिकारी सेक्टर की सड़कों के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये का टेंडर लगाने का दावा कर रहे हैं। अब देखना यह है कि यह टेंडर कब खुलेगा और कब तक इन सड़कों का निर्माण हो पाएगा। बता दें कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रदेश के सबसे पुराने सेक्टर-6 में यह समस्या कोई नई नहीं है। महीनों से सड़कें टूट चुकी हैं, गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं। बरसात के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खतरनाक हो जाती है। स्थानीय निवासी शिकायतें करके थक चुके हैं। प्रदर्शन करके चेतावनी तक दे चुके हैं, लेकिन सड़कों की स्थिति नहीं सुधरी।

**सड़कों के ये जख्म अब बन चुके हैं नासूर, कई हो चुके चोटिल**







बहादुरगढ़। शहर के सेक्टर-6 की सड़कों पर बने गड्ढे व खस्ता हालत।

### आंदोलन को कर रहे मजबूर



आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान जयपाल सांगवान का आरोप है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है। जमीनी स्तर पर न मरम्मत हो रही है और न ही किसी स्थायी समाधान की योजना दिखाई दे रही है। उन्होंने मांग की है कि सेक्टर-6 की सड़कों का तुरंत पुनर्निर्माण किया जाए, अन्यथा आंदोलन को तेज किया जाएगा।

### टैक्स पूरा, सुविधा अधूरी



चांद सिंह हुड्डा ने प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम रोज जान जोखिम में डालकर इन सड़कों से गुजरते हैं। हम टैक्स पूरा देते हैं, फिर भी बदले में टूटी सड़कें मिलती हैं। यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। शिकायत, ज्ञापन और प्रदर्शन सब हो चुका, लेकिन जवाब में सिर्फ खामोशी मिली है।

### गाड़ियों को नुकसान



वेदपाल सहवाग ने कहा कि यहां से गुजरने वाली गाड़ियां टूट रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी शायद एसी कमरों से बाहर निकलकर जमीनी हकीकत देखना ही नहीं चाहते। अगर यही हाल रहा तो सेक्टर-6 के लोग मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे। प्रशासन को साफ बता देना चाहते हैं कि अब सब्र का बांध टूटने वाला है।

### जल्द होगा काम शुरू

सेक्टर 6 की सड़कों के नवनिर्माण के लिए बहादुरगढ़ नगर परिषद ने साढ़े 4 करोड़ रुपये के टेंडर लगाए हैं। टेंडर के बाद तमाम औपचारिकताएं पूरी करते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

- **अरुण नांदल**, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद

# गैस गीजर से युवक की मौत पिछले महीने हुई थी सगाई

- गांव बाकरा के तुषार ने फार्मेसी अंतिम वर्ष की दी थी परीक्षा



झज्जर। नागरिक अस्पताल में उपस्थित मृतक के परिजन एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव बाकरा में बाथरूम में नहाने के लिए गया युवक गैस गीजर की गैस से बेहोश हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान तुषार निवासी बाकरा के तौर पर की गई है। शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

माता पिता का इकलौता बेटा था तुषारः जानकारी के अनुसार तुषार पुत्र ओमपाल ने फार्मेसी अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। करीब तीन सप्ताह पूर्व तुषार की सगाई हुई थी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई में होनहार व मिलनसार था, जिसके कारण पूरे गांव में गमगीन माहौल है। उन्होंने बताया कि वह नहाने के लिए बाथरूम में गया था। जब वह काफी समय तक बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने देखा कि वह बेहोश पड़ा है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### यह बरतें सुरक्षा उपाय

**गीजर** को बाथरूम के अंदर लगाने से बचें; उसे हमेशा बाहर स्थापित करें।
**बाथरूम** में खिड़की, रोशनदान या एग्जॉस्ट फैन चालू रखें।
**गैस** गीजर को 10-15 मिनट से अधिक समय तक न चलाएं।
**यदि** बाथरूम में घुटन महसूस हो तो तुरंत बाहर निकलें और दरवाजा खोल दें।

### गंध नहीं आती

गैस गीजर से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड न तो दिखती है और न ही उसमें कोई गंध होती है, इसलिए इसकी उपस्थिति का पता नहीं चल पाता है।

# आयुष्मान भारत अभियान में दो दिनों में की 23 सर्जरी

- मोतियाबिंद के 12, घुटना प्रत्यारोपण का एक ऑपरेशन किया गया
- नागरिक अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष सर्जिकल आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत जिले में पात्र मरीजों को निःशुल्क सर्जिकल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि वीरवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में 11 तथा शुक्रवार को 12 सफल ऑपरेशन किए गए।

पहले दिन नागरिक अस्पताल झज्जर में सामान्य सर्जरी के दो, मोतियाबिंद के पांच ऑपरेशन किए गए। अन्य संस्थानों में मोतियाबिंद का एक ऑपरेशन, लेबिया मेजोरा लिपोमा रेसक्शन का एक, फंसे हुए दांत निकालने से संबंधित दो ऑपरेशन शामिल हैं। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल झज्जर में मोतियाबिंद के छह, घुटना प्रत्यारोपण का एक ऑपरेशन किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में इंग्वाइनल हर्निया का एक ऑपरेशन, पैर में कॉर्न के दो ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी के साथ स्थायी नसबंदी का एक, आपातकालीन सिजेरियन डिलीवरी का एक ऑपरेशन हुआ।



झज्जर। आंखों संबंधी ऑपरेशन करते हुए।

# ढाई करोड़ की डकैती के मामले में सोने के आभूषण खरीदने वाला यूपी से गिरफ्तार

- कोमल ज्वेलर्स पर 8 अक्टूबर को पड़ी थी डकैती पुलिस ने अब तक 19 लाख रुपये और 100 ग्राम चांदी की रिकवरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कोमल ज्वेलर्स पर हुई डकैती की वारदात के मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चोरीशुदा गहनों को खरीदने वाले एक आरोपी को यूपी से गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक साढ़े 19 लाख रुपये व 100 ग्राम चांदी की रिकवरी हो चुकी है। दो आरोपियों का तीन दिन का रिमांड बढ़ाया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

दरअसल, गत आठ अक्टूबर की अल सुबह यह वारदात हुई थी। वैगनआर कार में सवार होकर आए पांच बदमाश कथित तौर पर लगभग ढाई करोड़ के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए थे। मामले में पकड़े गए तीन आरोपी छह दिन के रिमांड पर थे। एंटी व्हीकल थेफ्ट प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर कुलदीप निवासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलदीप ने चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण खरीदे थे। आरोपी के कब्जे से 15 लाख रुपये की नगद राशि बरामद की गई है। आरोपी कुलदीप स्वर्णकार का काम करता है। उसने डकैती के बाद आरोपियों से चोरी के आभूषण खरीदे और उन्हें आगे बेच दिया। बदले में मिली रकम वह आरोपियों को देने वाला था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने गिरोह को दबोच लिया।

मामले में पहले गिरफ्तार किए गए तीन मुख्य आरोपी परमजीत और जसविंदर निवासी झंगोला, दिल्ली तथा राज सिंह निवासी नांगलोई दिल्ली को छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी परमजीत से दो लाख, जसविंदर से एक लाख, राज सिंह से एक लाख बरामद हुए थे। वहीं मामले में पहले जेल भेजे जा चुके सोनू से 50 हजार व 100 ग्राम चांदी बरामद की जा चुकी है। अब तक कुल मिलाकर साढ़े 19 लाख की रिकवरी हो गई है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। कुलदीप व परमजीत को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया तथा जसविंदर व राज सिंह तीन दिन के रिमांड पर लिए गए हैं।

# नप अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन, बैरंग लौटी बंदर पकड़ने आई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को वार्ड नंबर 19 और शहरवासियों के हाथ उस समय निराशा लगी, जब बंदर पकड़ने के लिए पहुंची टीम नप अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाए जाने के कारण बैरंग लौट गई। बंदर पकड़ने वाली टीम के सदस्य बिशन ने बताया कि वह रोहतक से बंदर पकड़ने के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचा था, लेकिन नप अधिकारियों के साथ संपर्क किए जाने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। बार-बार संपर्क करने के बावजूद जब फोन नहीं उठाया तो वे वापिस लौट गए। वहीं वार्ड नंबर 19 की पार्षद भागवंती देवी ने बताया कि बंदर पकड़ने वाली टीम के सदस्य ने बताया कि ईओ ने उनका फोन नहीं उठाया, जिसके कारण उसे वापिस लौटना पड़ा। अगर उसे दोबारा बुलाते हैं तो वह आने को तैयार है। बता दें कि शहर में बंदरों के उत्पात के कारण लोगों का जीना मुहाल हो रखा है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में बंदर लोगों को अपना शिकार बना रहे है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड नंबर 19 में हो रही है। जहां एक माह के भीतर एक ही बंदर ने करीब 30 लोगों को काट लिया है।

**प्रतिभा** | जागरेब ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज में अमन को सिल्वर व दिनेश को ब्रांज मेडल

# क्रोएशिया में पहलवान अमन व दिनेश ने भी जीते मेडल

- अब 8 फरवरी को झज्जर के साहिल पहलवान का होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्रोएशिया में चल रही जागरेब ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज में झज्जर जिले के पहलवानों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत के बाद हेवीवेट पहलवान दिनेश धनखड़ ने भी ब्रांज मेडल जीतकर देश का परचम लहरा दिया है।

अब आगामी आठ फरवरी को साहिल पहलवान का मुकाबला है। साहिल से भी जिले के कुश्ती प्रेमियों को पदक की बेहद उम्मीदें हैं। दरअसल, क्रोएशिया में चार से आठ फरवरी तक इस रैंकिंग सीरीज का आयोजन किया गया है। हरियाणा के पहलवान इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें झज्जर के पहलवान भी शामिल हैं। ओलंपिक मेडलिस्ट पहलवान अमन सहरावत ने 61 केजी फ्री स्टाइल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सिलवर मेडल जीता है।

अमन इससे पहले ओलंपिक, सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स, एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं। वहीं वीरवार की रात को हेवीवेट पहलवान दिनेश धनखड़ मैट पर उतरे। देर रात को उन्होंने 125 किलोग्राम भारवर्ग में देश के लिए ब्रांज मेडल जीत लिया। दिनेश गोयला कलां गांव से हैं और गोधड़ी अखाड़े में अभ्यास करते हैं। इससे पहले एशियन चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुके हैं।

पहलवान दिनेश ने कहा कि मेडल जीतकर अच्छा लग रहा है। भविष्य में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना ही लक्ष्य रहेगा। उनका सपना ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है। इन दो मेडलों के बाद अब जिले के कुश्ती प्रेमियों की नजर साहिल पहलवान पर है। ढराणा गांव का साहिल 60 किलोग्राम भारवर्ग ग्रीकोरोमन में आठ फरवरी को दमखम दिखाएगा।





मेडल विजेता पहलवान अमन व दिनेश।

### 85 वर्षीय चांद अहलावत ने शॉटपुट में जीता गोल्ड



**झज्जर।** सातवीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप अजमेर के पटेल स्टेडियम में आयोजित हुई, जिसमें देश के 22 राज्यों के 1600 से लगभग पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। मूल रूप से गांव डीघल निवासी एवं हाल में रोहतक के लक्ष्मी नगर निवासी मास्टर चांद सिंह अहलावत ने 85 वर्ष आयु वर्ग के शॉटपुट मुकाबले में 8.73 मीटर गोला फेंककर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और तमिलनाडु के सुबाराव ने 6.8 मीटर गोला फेंककर दूसरा स्थान प्राप्त किया। मास्टर चांद सिंह अहलावत को राष्ट्रीय मास्टर फेडरेशन के अध्यक्ष रिटायर्ड आईजी सुरेश शर्मा एवं महासचिव रामफल शर्मा ने गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा की पुरुष एवं महिला टीम के खिलाड़ियों ने 41 गोल्ड, 23 सिल्वर और 12 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान और तमिलनाडु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### बाल विकास स्कूल में सुनीं पीएम की बात

**बहादुरगढ़।** शहर के बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी समय-समय पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हो रहा है। यह विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा।

### शराब पीकर वाहन चलाने से बचें : सतीश

**बहादुरगढ़।** यातायात प्रबंधक बहादुरगढ़ सतीश कुमार द्वारा सेक्टर-9 मोड़ के निकट स्थित टाटा एस यूनियन में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इंस्पेक्टर निरीक्षक सतीश कुमार ने ड्राइवरों को कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें, सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा शराब पीकर वाहन चलाने से बचें। इसके साथ ही मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, ओवरलोडिंग और गलत तरीके से ओवरटेक करना गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। निरीक्षक ने ट्रैफिक लेन ड्राइविंग और पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने के नियमों की भी जानकारी दी।

### स्मैक सहित युवक को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने स्मैक सहित आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान अमन के रूप में हुई है। वह बांबे वाली गली के साथ लगती एक बस्ती का रहने वाला है। मकान के नजदीक से ही उसे काबू किया गया है। आरोपी से 1.4 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में महिला घायल

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-7 हाउसिंग बोर्ड के पास ट्रैक्टर टैंकर और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक व महिला बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मांडोठी के निवासी धर्मेंद्र ने कहा है कि उसकी पत्नी एचकेआरएन के तहत नागरिक अस्पताल में काम करती है। चार फरवरी की दोपहर को अस्पताल से छुट्टी के बाद वह दीपक के साथ बाइक पर बैठकर मांडोठी जा रही थी। करीब तीन बजे जब वे सेक्टर 7 हाउसिंग बोर्ड के कट पर पहुंचे तो अचानक तेज गति से एक ट्रैक्टर टैंकर के साथ बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में में दीपक और मेरी पत्नी नीलम को काफी चोट आई। उन्हें नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। आरोपी चालक ने अचानक से ट्रैक्टर मोड़ दिया था। इसी वजह से यह हादसा हुआ। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में कल्चरल फेस्ट का आगाज

# रंग-तरंग में छात्र-छात्राओं ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

## पहले दिन साहित्यिक एवं ललित कला से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं

■ हिंदी कविता पाठ में दीपिका प्रथम और वैष्णवी द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। फेस्ट के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी और कार्यक्रम का आनंद उठाते विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग-तरंग का शुभारंभ हुआ। पहले दिन साहित्यिक एवं ललित कला से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं।

कविता वाचन, भाषण देने, मेहंदी लगाने, संस्कृत श्लोक उच्चारण, रंगोली, पोस्टर मेकिंग व क्ले मॉडलिंग आदि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा की उपस्थिति में रिबन काटकर तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम के संयोजक राजीव आसीवाल तथा सह-संयोजक डॉ. विनोद कुमार रहे। मंच संचालन डॉ. मंजू दलाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में अनु रानी, रीना, निशा, अमित कुमार, भूपेंद्र, विकास यादव व सीमा शामिल रहीं। हिंदी कविता पाठ में दीपिका प्रथम, वैष्णवी द्वितीय तथा प्रणव तृतीय स्थान पर रहा। हरियाणवी कविता में संजना पहले, वैष्णवी दूसरे तथा दीपिका तीसरे स्थान पर रही। हिंदी भाषण में दीपिका प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और सुभिक्षा तृतीय रही। अंग्रेजी भाषण में दीपिका पहले, संजना दूसरे व दीपिका तीसरे स्थान पर रही। अंग्रेजी कविता में दीपिका प्रथम, इशिका द्वितीय तथा वैष्णवी तृतीय रही। संस्कृत श्लोक उच्चारण में प्रथम स्थान वैष्णवी, द्वितीय स्थान कामिनी व तृतीय स्थान रमणदीप ने हासिल किया। रंगोली में प्रथम हर्षिता, द्वितीय वैष्णवी और तृतीय संजना रही। पोस्टर मेकिंग में काजल पहले, दीपिका दूसरे व यशिका तीसरे स्थान पर रही। मेहंदी लगाने में नेहा प्रथम, डिंपी द्वितीय व मुस्कान तृतीय रही। क्ले मॉडलिंग में प्रथम हर्षिता, द्वितीय अंशी और तृतीय खुशी रही।

---



बहादुरगढ़। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सुनते जीडी गोयनका स्कूल के विद्यार्थी।

# तनाव मुक्ति के लिए जीडी गोयनका में सुना परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस दौरान सीनियर विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्कूल निदेशिका शैलजा जून के अनुसार विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से मुक्ति, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाइव प्रसारण के दौरान सभागार में उपस्थित रहीं स्कूल प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को ध्यानपूर्वक सुना तथा परीक्षा को उत्सव की तरह लेने का संदेश ग्रहण किया।

### अनुभव किए साझा

कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रसारण उनके लिए अत्यंत लाभदायक रहा और इससे उन्हें परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए नई प्रेरणा मिली। शैलजा जून ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सरल और प्रेरक सुझाव विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं।

---

# बहादुरगढ़ की कई कंपनियों ने दिल्ली में उत्पाद किए प्रदर्शित

■ कोबी के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। ऑटोमैकेनिका में शिरकत करते कोबी से जुड़े उद्यमी। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली के यशोभूमि में ऑटोमैकेनिका नाम से अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें भारत सहित 20 से अधिक देशों की लगभग 870 से अधिक कंपनी भाग ले रही हैं। बहादुरगढ़ की भी कई कंपनियां इसमें अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के प्रधान प्रवीण गर्ग समेत अन्य उद्यमियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उनके अनुसार इस भव्य प्रदर्शनी में ऑटो कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, डायग्नोस्टिक्स, वर्कशॉप सॉल्यूशंस, कार केयर, बॉडी एवं पेंट से संबंधित नवीनतम तकनीकों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

निशांत गर्ग ने बताया कि पारुल रबर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ब्रांड नाम ब्रावो के अंतर्गत इसमें सक्रिय सहभागिता की। दीपक शर्मा व सिद्धार्थ शर्मा की कंपनी मोडवैक इंजीनियर्स लिमिटेड तथा नरेश बंसल की कंपनी टेक्नोमैक (इंडिया) द्वारा भी इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में सहभागिता की गई है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के साथ झज्जर जिले के उद्यमी भी ऐसे मंच पर सहभागिता कर अपने उत्पादों और क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

---

### सरपंच प्रतिनिधि के कामकाज संभालने पर दी शिकायत

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में महिला सरपंच के प्रतिनिधि द्वारा पंचायत के कामकाज को संभालने के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गांव निवासी उमेद सिंह का कहना है कि सांखोल की महिला सरपंच टीनू हैं लेकिन शपथ ग्रहण के बाद से गांव के किसी भी विकास व पंचायती कार्य में उनकी हाजिरी नजर नहीं आई है।

सरपंच प्रतिनिधि के तौर पर राज सिंह कामकाज संभाल रहे हैं। जब सरपंच महिला है तो कोई अन्य कामकाज क्यों कर रहा है। सरपंच ने तो गांव की रिहायश तक छोड़ रखी है। वहीं, गांव में 20 साल से एक ही ग्राम सचिव है। उसका भी ट्रांसफर होना चाहिए। उमेद सिंह ने कहा कि दोनों विषयों पर गंभीरता से जांच कर उपयुक्त कार्रवाई की जाए।

---

जाखोदा और मांडोठी में बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

# कम उम्र में विवाह से बचपन होता है प्रभावित : पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जाखोदा में पहुंची बाल विवाह मुक्ति यात्रा। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में चल रही बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा शुक्रवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र के मांडोठी और जाखोदा गांव में पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिस कारण बेटियां अपने सपनों को पूरा नहीं कर पातीं। उन्होंने समाज से इस कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पूनम ने बताया कि बाल विवाह करवाने, उसमें सहयोग देने या बढ़ावा देने की जानकारी मिलने पर कोई भी व्यक्ति 112 या 181 हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकता है। सामुदायिक कार्यकर्ता संदीप ने बताया कि बाल विवाह कराने वालों के खिलाफ कानून के तहत एक वर्ष तक की सजा और दो लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अनुपमा ने कहा कि बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करना जरूरी है, तभी बेटियों के सपने साकार हो सकेंगे। सागर ने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों का बचपन प्रभावित होता है और वे शारीरिक व मानसिक रूप से भी कमजोर पड़ सकती हैं।

**ये रहे मौजूद:** एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार, संदीप जांगड़ा, पूनम आदि भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

---



### जूपिटर पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**बहादुरगढ़।** जूपिटर पब्लिक स्कूल परिसर में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विधि का अभ्यास करवाया गया और योग के महत्व से अवगत कराया गया। स्कूल निदेशक राजकुमार रुहिल ने कहा कि सूर्य नमस्कार करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक एकाग्रता बढ़ती है।

#### विद्यार्थी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल ने कहा कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है।

---

ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चला पीला पंजा

# प्रशासन ने नेशनल हाईवे से हटवाया अतिक्रमण

■ अतिक्रमण करने वाले संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। मौके पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते एसडीएम अभिनव सिवाच।

एसडीएम अभिनव सिवाच की देखरेख में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल हाईवे पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शांतिपूर्ण एवं नियमानुसार यह कार्रवाई संपन्न कराई गई। एनएचएआई के अधिकारियों एवं प्रशासनिक अमले ने संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण के अलावा नेशनल हाईवे क्षेत्र में लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान नेशनल हाईवे की सीमा में अवैध रूप से बनाए गए अस्थायी एवं स्थायी ढांचों को हटाया गया। अतिक्रमण करने वाले संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए। एसडीएम अभिनव सिवाच ने स्पष्ट किया गया कि नोटिस में निर्धारित समय अवधि के भीतर यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया तो समय सीमा समाप्त होने के पश्चात अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा स्थायी रूप से हटाया जाएगा। सिवाच ने कहा कि सरकारी भूमि, विशेषकर नेशनल हाईवे क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन भी सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और एक्सीडेंट फ्री यातायात के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

---

### जी राम जी अभियान भाजपा की दूरदर्शी और जनकल्याणकारी सोच



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**बहादुरगढ़।** भाजपा के शहरी मंडल ने शुक्रवार को सब्जी मंडी में एक बैठक आयोजित कर विकसित भारत जीरामजी अभियान एवं केंद्र सरकार के बजट पर चर्चा की। शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश कौशिक व मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री दयाकिशन जांगड़ा उपस्थित रहे। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अभियान भाजपा की दूरदर्शी और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। दया किशन जांगड़ा ने कहा कि केंद्रीय बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं को सशक्त बनाने वाला है। बैठक में चेयरपर्सन सरोज राठी, चेयरमैन विनोद कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, आशू सैनी, रमेश आर्य, विकास काजला, चेष्टा नकुल कौशिक, नरेश रोहिल्ला, मनोज राठी, रामकंवार सैनी व मंजीत पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न गतिविधियां करवाई

# स्वयंसेविकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के तरीके

■ स्वयंसेविकाओं ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न गतिविधियां जोश, अनुशासन एवं आत्मविकास के साथ संपन्न हुईं। शुक्रवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही तनाव प्रबंधन विषय पर एक विस्तार व्याख्यान हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगाभ्यास किए तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझा। इसके उपरांत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षिका रूबी नरवाल ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। ताकि बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाया जाए। सायंकालीन सत्र में तनाव प्रबंधन विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुनीता छिल्लर ने विस्तार व्याख्यान देते हुए जीवन में तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा उससे निपटने के सरल उपायों पर प्रकाश डाला। इसके बाद बैडमिंटन एवं फुटबॉल प्रतियोगिताएं भी हुईं। डॉ. शीतल द्वारा एक रोचक टीम बिल्डिंग गेम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या अलका गुलाटी ने स्वयं सेविकाओं से फीडबैक लिया। साथ ही समाजसेवा एवं आत्मविकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

---

# ट्रेड डील के विरोध में एआईकेकेएमएस ने किया विरोध-प्रदर्शन, फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। शुक्रवार को ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन करते संगठन से जुड़े लोग।

भारत और अमेरिका के बीच समझौते की घोषणा पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया और मोदी-ट्रम्प का पुतला जलाकर आक्रोश जताया। उनके अनुसार ट्रंप के दबाव में आकर अमेरिकी वस्तुओं पर जीरो प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) की अनुमति देकर सरकार ने देश के किसानों के साथ विश्वासघात किया है।

जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने बताया कि इस समझौते के तहत अमेरिका भारत के विशाल बाजार में अत्याधिक कृषि व डेयरी उत्पाद निर्यात करेगा, जिससे भारत के किसानों और दुग्ध उत्पादकों की पूरी तरह कमर टूट जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 11 फरवरी तक वे गांवों में जाकर पीएम नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के पुतले दहन करेंगे। साथ ही उन्होंने 12 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क की अनुमति देकर जनता, खासकर किसानों के साथ किए गए विश्वासघात को लेकर मोदी सरकार की कड़ी निंदा की। इस व्यापार समझौते के कारण भारतीय बाजार अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। धर्मेंद्र दलाल, ब्रह्म अहलावत, विनोद, सुधीर, सुरेंद्र, रवि, राजबीर छिल्लर, राज व सूरजभान समेत सभी प्रदर्शनकारियों ने इस समझौते की निंदा की।

## खबर संक्षेप



झज्जर। समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### शिविरों में आईं 5559 शिकायतों में से 123 पेंडिंग

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को वीसी के माध्यम समाधान शिविरों सहित विभिन्न मंचों के माध्यम से जिला प्रशासन को प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5559 शिकायत प्राप्त हुई हैं। इनमें से केवल 123 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। वीसी उपरांत डीसी ने जिलाभर के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान करें। कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव रेढूवास में पुरानी जमीनी रंजिश के कारण किए गए जानलेवा हमले मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए की टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि आरोपियों की पहचान सतवीर निवासी रेढुवास व जयवीर निवासी कासनी के तौर पर की गई है। आरोपी सतबीर से वारदात में प्रयोग डंडा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए अदालत में पेश किया गया।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा युवती का शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कुंजिया में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत मामले में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस द्वारा इस संबंध में मृतका की मां के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि करीब 24 वर्षीया मृतका मोनिका पुत्री बलबीर अविवाहित थी व एक निजी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थीं। उसके पिता का देहांत हो चुका है जबकि पांच बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है।

## दो जत्थों के माध्यम से किया जा रहा कर्मचारियों से संपर्क

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने में जुटे सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य


झज्जर। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ता।


बहादुरगढ़। मजदूरों को हड़ताल की जानकारी देते मंच के कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

**जिले के करीब दो हजार कर्मचारियों से किया जा चुका है संपर्क**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए सर्व कर्मचारी संघ द्वारा दो जत्थों के माध्यम से कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर ने बताया कि पहला जत्था सीआईटीयू के राज्य सचिव डॉक्टर सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में तथा दूसरा जत्था पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान जयवीर चहल की अध्यक्षता में चलाया जा रहा है। इस दौरान डीघल, बेरी, मातनहेल, साल्हावास, झज्जर, माछरौली, बादली तथा बहादुरगढ़ क्षेत्र में पहुंच कर करीब दो हजार कर्मचारियों से संपर्क किया जा चुका है। हड़ताल में उठाई जाने वाली मुख्य मांगों में हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग करना, 10 साल की सेवा के बाद सभी प्रकार के कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान, कैशलेस मेडिकल सुविधा, रिक्त पदों को भरने, समयबद्ध पदोन्नति, रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन में क्रमिक वृद्धि, परियोजना कर्मियों के वेतन में वृद्धि एवं कर्मचारियों का दर्जा, मिड-डे-मील और आशा वर्कर सहित सभी कर्मियों के कार्य पर पुनर्विचार करते हुए उनकी सुविधा में वृद्धि करना, सरकारी कर्मचारी की सुरक्षा की जवाबदेही तय करना, श्रम कानूनों और नई शिक्षा नीति पर पुनर्विचार करना आदि मांगें शामिल है।

**ये रहे उपस्थित**

जत्थे में शामिल लोगों में किरण बरहाना, भूपेंद्र यादव, रमेश जाखड़, मोहन सिंह, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से नरेश, बंसीलाल, दिलबाग दलाल, ओमप्रकाश, सुशील, रामवीर, अनीता, राजेंद्र जुलाना, देवेंद्र, श्रीभगवान, शिवम, दीपक, सोमबीर आदि शामिल रहे।

**12 की हड़ताल को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति**

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एमआईई में जनसंपर्क किया। मजदूर कल्याण मंच व एआईयूटीयूसी के जिला सचिव सतीश कुमार ने बताया कि इस दौरान मजदूरों को चार लेबर कोडों के दुष्परिणामों, 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के उद्देश्य तथा मांगों की जानकारी दी गई। उनसे हड़ताल में सक्रिय भागीदारी के लिए आह्वान किया। उन्होंने बताया कि चार लेबर कोड लागू कर केंद्र की मोदी सरकार ने मजदूर वर्ग पर एक घातक हमला किया है। इन लेबर कोडों से मजदूरों के वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अधिकार छीने जा रहे हैं। काम और वेतन की अनिश्चितता बढ़ेगी, काम के घंटे बढ़ेंगे, स्थायी रोजगार समाप्त होगा और हायर एंड फायर जैसी अमानवीय पूंजीवादी नीति को वैध बना दिया गया है, जिससे मजदूरों का शोषण और तेज होगा। मंच के ब्लॉक प्रमुख लालजी ने बताया कि जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाया जाएगा।

## तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर, लोगों को हुई परेशानी



झज्जर। सरल केंद्र में खाली पड़ी खिड़कियां।

**झज्जर।** जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। जिसके कारण रजिस्ट्री, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एफिडेविट सत्यापन सहित अन्य कार्य पूर्णतया प्रभावित रहे और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि पहले तीन दिन पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर रहे, जिसके कारण परेशानी रही। अब पटवारी और कानूनगो हड़ताल समाप्त हुई है तो तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण रजिस्ट्री और रेवेन्यू संबंधी कार्य नहीं हो पाए हैं।

## मांग पूरी न होने पर कर्मियों का धरना

- 30 जनवरी को ठेकेदार ने अनवर अली को बिना कारण नौकरी से हटाया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएसवीपी जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन से जुड़े कर्मचरियों ने सेक्टर-9 स्थित कार्यालय परिसर में पुनः धरना शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने नारेबाजी की और मांग पूरी होने तक धरना लगातार जारी रखने की चेतावनी दी है।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान व राज्य उपप्रधान रमन जून ने की, जबकि संचालन जिला सचिव तथा राज्य प्रेस सचिव रमेश कुमार ने किया। इस दौरान जिला उपप्रधान एवं राज्य ऑडिटर मदन मोहन नागर मौजूद रहे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने 30 जनवरी को कर्मचारी अनवर अली को बिना कारण नौकरी से हटा दिया और शिकायत करने पर सतीश शर्मा के साथ अभद्र व्यवहार किया।



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

**ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

साथ ही, गवाही देने वाले ऑपरेटर जतिन कुमार की ड्यूटी दूसरी जगह रात में लगाकर नौकरी से हटाने की धमकी भी दी। कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता अमित राठी को शिकायत देते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। धरने में राज्य सचिव धीर सिंह नागर, सलाहकार अजीत सिंह, हवा सिंह, सतीश शर्मा, जतिन छिकारा, विशाल, सुरेंद्र, जयप्रकाश मौजूद रहे।


झज्जर। डायरेक्टर जय विकास के साथ ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

### अंतरराष्ट्रीय गणित व अंग्रेजी ओलंपियाड में पेस ग्रुप ने देश में पाई 12वीं रैंक

**झज्जर।** सिल्वर जोन द्वारा आयोजित लेवल-वन अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा के परिणामों में पेस ग्रुप के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप-100 में 12 रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। निदेशक जय विकास ने बताया कि आठवीं के छात्र कार्तिक ने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड तथा तीसरी कक्षा की छात्रा काव्या ने अंग्रेजी ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय रैंक-1 हासिल कर विशेष पहचान बनाई। इनके अलावा तीसरी कक्षा से सिरीशा ने 133वीं रैंक, वंशिका ने 271वीं, चौथी कक्षा से नमन ने 77, गनिका 113, पांचवीं कक्षा से भाव्य गोदारा ने 20वीं व भाव्या ने 61वी के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान चेयरमैन युद्धवीर, जय भगवान, हरीश, संदीप, सुमित चावला, अश्वनी ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## अवैध प्लॉटिंग में दर्ज एफआईआर पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

- जनवरी माह में सौ एकड़ से अधिक में हुई प्लॉटिंग, 11 एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई में सभी विभाग मिशन मोड में कार्रवाई करें ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी न हो। अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा और सूचना मिलते ही निर्माण कार्य ध्वस्त किया जाए और आरोपियों पर केस दर्ज करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने डीटीपी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि डीटीपी के साथ सभी संबंधित विभाग राजस्व, पुलिस, पंचायत, नगर निकाय मिलकर कार्य करें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण की कार्रवाई के लिए समय पर पुलिस फोर्स उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रशासनिक टीमें बिना किसी बाधा के मौके पर कार्रवाई कर सकें। डीटीपी अंजू ने बैठक में बताया कि जनवरी माह में पांच अभियान चलाए गए। इनमें 100 एकड़ से अधिक में हुई प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए 11 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कानून की अवेहलना करने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### शिविर में स्वयंसेवकों को किया एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को एचआईवी एड्स विषय पर जागरूक किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर पिंकी रानी ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने स्वयंसेवकों को अनुशासन व परिश्रम के महत्व से अवगत कराया तथा मातनहेल अस्पताल के चिकित्सक अंकित कुमार ने स्वयंसेवकों को एचआईवी एड्स के कारण व रोकथाम बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। रिटायर्ड पुलिस अधिकारी रामकुमार दहिया ने मानसिक स्वास्थ्य, आत्मा की शुद्धि व ध्यान का महत्व समझाते हुए स्वयंसेवकों को उसका अभ्यास भी कराया। सायंकालीन सत्र में महिला थाना से डॉक्टर किरण देवी ने स्वयंसेवकों को घरेलू हिंसा, बालिका अपराध व पुलिस हेल्पलाइन डायल 112 से संबंधित जानकारी दी।

## वर्ष 2016 में केवल 250 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ था संस्कारम् का सफर

**आधुनिक तकनीक और शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश ही है वास्तविक सफलता**

# उप राष्ट्रपति ने की संस्कारम् के संस्कार शिक्षा और सफलता की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स व यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल के असाधारण विजन की सराहना की है। बजट सत्र के दौरान डॉक्टर महिपाल के साथ हुई विशेष भेंट में उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में मात्र 250 बच्चों के साथ शुरू हुआ संस्कारम का यह सफर आज 15 हजार से अधिक विद्यार्थी संख्या पर जा पहुंचा है। डॉक्टर महिपाल ने इतने कम समय में संस्थान को उस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है जहां से विद्यार्थी नीट, एनडीए, क्लैट व सीए जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में भी रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल कर रहे हैं।


झज्जर। माननीय उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए चेयरमैन डॉक्टर महिपाल।

**उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का जताया आभार**

डॉक्टर महिपाल की कार्यक्षमता पर हर्ष जताते हुए उन्हें एक ऐसा क्रांतिकारी शिक्षाविद बताया जिसने ग्रामीण परिवेश की सीमाओं को तोड़कर बच्चों को राष्ट्रपति भवन जैसे वैश्विक मंचों तक अपनी प्रतिभा दिखाने के काबिल बनाया। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने माननीय उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का आभार जताया।

उन्होंने संस्थान के मूल मंत्र संस्कार, शिक्षा और सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉक्टर महिपाल ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि आधुनिक तकनीक और शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का समावेश ही वास्तविक सफलता का आधार है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आज यह संस्थान केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना चुका है, जहां संपूर्ण विश्व से विद्यार्थी आकर अपने सपनों और विजन को नई दिशा दे रहे हैं।

### एसीपी प्रकरणों के निस्तारण पर की चर्चा

**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र, उप जिला शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यापक संघ के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान एसीपी प्रकरणों के निस्तारण, सीसीएल फाइलों के शीघ्र निष्पादन, लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान तथा अन्य शैक्षिक विषयों को विस्तार से अधिकारियों के समक्ष रखा गया। इस मौके पर उपप्रधान उमेश धनखड़, सचिव प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक, खंड प्रधान मुकेश कुमार, खंड प्रधान अनिल कुमार, संतोष, सुशील सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### थ्रोबॉल टूर्नामेंट में दिया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

**झज्जर।** स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और कर्मचारियों तथा उनके परिवारों में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के गांव झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट में विमेंस थ्रोबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप काईबोंत्ता ने किया। उनके साथ एनटीपीसी के पूर्व क्षेत्र कार्यकारी निदेशक असीम गोस्वामी, ममता काईबोंत्ता सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। इस टूर्नामेंट ने न केवल प्रतिभागियों की खेल भावना को प्रदर्शित किया, बल्कि संतुलित जीवनशैली और खेल में सक्रिय सहभागिता के महत्व को भी उजागर किया।



### नशे के दुष्प्रभाव व साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर सात में आमजन को नशे के दुष्प्रभाव और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। मुख्य सिपाही सपना ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है तथा परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही डायल 112 की जानकारी देते हुए आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि अगर आपके आसपास कोई मादक पदार्थ की खरीद फिरोख्त करता है तो उसकी जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।



### विद्यार्थियों को दी करियर संबंधी जानकारी

**झज्जर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास और माछरौली में जिला रोजगार अधिकारी डॉक्टर नीलम ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी जानकारी दी गई। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल तथा छुछकवास में सहायक रोजगार अधिकारी सुनीता कुमारी व मयंक अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई, बल्कि किसी भी क्षेत्र में निपुण बनने के तरीकों पर भी विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं को रोजगार कार्यालय में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने बारे व जॉब फेयर, रोजगार विभाग की स्कीमों के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा, स्वरोजगार व करियर, केंद्र सरकार की नई एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।



### लिटरेसी प्रतियोगिता में छाए एचडी स्कूल के विद्यार्थी

**झज्जर।** कानूनी साक्षरता मिशन के अंतर्गत आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में एचडी साल्हावास के विद्यार्थियों प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उनके स्कूल के विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि जोनल स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में झज्जर के अलावा रोहतक, भिवानी, सोनीपत व चरखी दादरीज जिले के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने कुल 10 प्रतियोगिताओं में से 4 स्पर्धाओं पर जीत हासिल की। नाटक के अलावा क्विज प्रतियोगिता में तेजस, प्राची व सोनू की टीम तथा भाषण में वैशाली और स्लोगन राइटिंग में आरजू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले शिक्षकों को भी प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करने की घोषणा की।




### कार्यशाला में 54 विज्ञान शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**झज्जर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में विज्ञान अध्यापकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के उपरांत कार्यशाला का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक एवं डाइट प्राचार्य अनिल श्योराण द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि संपर्क फाउंडेशन द्वारा संचालित कार्यशाला में कुल 54 शिक्षकों ने भाग लिया। संपर्क फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर अमित कुमार एवं सुमित सांगवान ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान अपने संबोधन में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विज्ञान शिक्षा को मजबूत बनाना आवश्यक है। डाइट प्राचार्य अनिल श्योराण ने कहा कि संपर्क फाउंडेशन का यह प्रयास जिले की विज्ञान शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में संपर्क उपकरणों के माध्यम से इंटरेक्टिव शिक्षण विधियों, प्रयोगात्मक गतिविधियों एवं डिजिटल कंटेंट के उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि विज्ञान शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल आधारित विषय है। इस अवसर पर सुनील कुमार, मनोज मलिक, विनोद कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।


ON SHOPPING OF
₹2999 & ABOVE
FREE SUGAR
1 KG
ON SHOPPING OF
₹1999 & ABOVE
FREE FRESCA
1 L
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Valentine's Week
Special Offer
7 FEB - 15 FEB
Chocolate Free
On Shopping Of
₹2999 & Above
WORTH
OF ₹40
T&C APPLY
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT HISAR
UPTO 25% Off
CADBURY CHOCOLATES
*₹50 MRP EXCLUDED
UPTO 50% Off
VADILAL ICE CREAM
FLAT 50% Off
AMERICANO CHOCOFAMS
UPTO 20% Off
HERSHEY'S CHOCOLATES
UPTO 10% Off
FERRERO ROCHER
Starting From ₹49
DECORATIVE FLOWERS
33% OFF
BELLAVITA DEO/PERFUMES
Starting From ₹499
Gift Hampers
upto 66% OFF
USTRAA Deodorant
BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR
BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1KG
₹89
GM POHA(500G)
BUY 1 GET 1 FREE
Fortune atta ( 10 kg )
₹409
TATA TEA PREMIUM 1 KG
₹329
24 MANTRA ATTA 5KG
BUY 1 GET 1 FREE
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR
₹69
DEL MONTE MAYONNAISE 700GM
MRP- 199
₹89
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml)
BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL
BUY 1 GET 1 FREE
LOOSE SUGAR 5 KG
OUR PRICE ₹230
AASHIRVAAD ATTA 10KG
OUR PRICE ₹439
PREET LITE
₹309
PATANJALI COW GHEE 1 L
₹670
AMUL BUTTER 500GM
OUR PRICE ₹268
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML
BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI MUSTARD OIL 1LTR
₹172
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM
BUY 1 GET 1 FREE
TIDE DETERGENT 10KG
OUR PRICE ₹799
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
BUY 1 GET 1 FREE
SURF EXCEL 7KG
₹675
K'TRIQ
SELECTED VARIANT
BUY 1 GET 1 FREE
WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR
BUY 1 GET 2 FREE
NIVEA - MAMAEARTH- HIMALAYA / VASELINE LOTION
BUY 1 GET 1 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
UPCOMING BRANCHES
Ghaziabad
Mohali
Bhiwani
Pinjore
Sirsa
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.